कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया जिला – राजनांदगांव

प्रेस विज्ञप्ति

शिकारी महका में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन "प्राचार्य श्री के. एल. टाण्डेकर " के मार्गदर्शन में शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया के रा.से.यो. के स्वयं सेवकों द्वारा एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमति रेवती सिन्हा, आंनदराम सिन्हा, लखन सिन्हा, डेमेन्द्र राजपूत अन्य ग्रामवासी की उपस्थिति में स्वामी विवेकांनद जी के तैलचित्र का पूजन किया गया। सरपंच श्रीमति रेवती सिन्हा जी, ने स्वच्छता ही सेवा पर अपना उद्बोधन दिया एवं महती कार्य हेतु अपनी शुभकामनाये दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवको द्वारा गांव के प्रमुख गलियो नलकूप के आस –पास की सफाई, नालियो की सफाई, सार्वजनिक स्थलों की सफाई का कार्य किया गया एव लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक होने का संदेश नारों के माध्यम से दिया गया ।

कार्यक्रम अधिकारी श्री ए.के. गौर ने ग्रमवासियों को जानकारी प्रदान किया कि महाविद्यालय की रा.से.यो. ईकाई द्वारा समय–समय पर गांव में सफाई एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सभी स्वंय सेवक बडी संख्या में उपस्थित रहे।

प्राचार्य